आईआईएम में आरबीआई के टोकनाइजेशन पर चर्चा

रांची, वरीय संवाददाता। आईआईएम में गुरुवार को राउंड टेबल परिचर्चा का आयोजन किया गया। इसमें आरबीआई के टोकनाइजेशन पर दिशा-निर्देश और डिजिटलीकरण पर प्रभाव विषय पर चर्चा की गई। बैंक की ओर से प्रभावी कार्ड ऑन फाइल डेटा और टोकन में बदलाव के संबंध में भुगतान के दिशा-निर्देशों की जानकारी दी गई। साथ ही इस बात पर भी चर्चा की गई कि डिजिटल लेन-देन के प्रभावी न होने से क्या बाधाएं हो रही हैं। मुख्य वक्ता के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस डॉ अरुणा शर्मा ने कहा कि उद्योग कंपनियां अभी भी टोकन सिस्टम को लागू नहीं कर रही हैं। इस कारण से ई-मैंडेट लागू नहीं हो पा रहा है और बैंक की कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है।

The Hindustan _24.06.2022_Pg. 08